भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1415
गुरूवार, 09 दिसम्बर, 2021/18 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में प्रशाद योजना के तहत परियोजनाएं

1415. डॉ. वी. शिवादासनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'प्रशाद' योजना के तहत मलयात्तूर आध्यात्मिक स्थल के विकास के लिए केरल राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के संबंध में प्रगति हुई है; और

(ख) प्रशाद योजना के तहत पेरूम्बवूर में विभिन्न धार्मिक केन्द्रों की स्थापना के लिए प्राप्त अनुरोधों के संबंध में क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): महोदय, प्रशाद योजना के तहत केरल राज्य सरकार के "सेंट थॉमस इंटरनेशनल श्राइन, मलयट्टूर का विकास", परियोजना के प्रस्ताव पर दिनांक 26.09.2018 की अवधारणा प्रस्तुति बैठक में विचार किया गया था। राज्य सरकार ने पर्यटन मंत्रालय में आगे की कार्रवाई के लिए डीपीआर का मसौदा मार्च 2019 में ही प्रस्तुत किया था जिस पर की गई टिप्पणियों के बारे में राज्य सरकार को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अप्रैल 2019 में सूचित कर दिया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अप्रैल 2021 में परियोजना के लिए संशोधित डीपीआर प्रस्तुत किया और आवश्यक जानकारी प्राप्त होने के बाद इस पर दिनांक 23.11.2021 की मिशन निदेशालय की बैठक में विधिवत विचार किया गया और सहमति व्यक्त की गई।

(ख): महोदय, धार्मिक केंद्रों की स्थापना करना पर्यटन मंत्रालय के आवंटित कार्यों में सम्मिलित नहीं है।

****